

# राकेश जैन

## जिलाध्यक्ष

## भाजपा, कोटा शहर

(राजस्थान)

परिचय

# राकेश कुमार जैन

जिलाध्यक्ष

भाजपा, कोटा शहर (राज.)



98290 35514 @rakeshkjainkota bjpkotacityraj@gmail.com / rakeshjainkota433@gmail.com

## पारिवारिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | राकेश जैन |
| पिता का नाम | – | स्व. श्री त्रिलोक चंद जैन |
| पत्नी का नाम | – | श्रीमती सुनीता जैन |
| पुत्री | – | गैवांशी जैन |
| पुत्र | – | खुश जैन |
| पता | – | 433, राजीव गांधी स्टेच्यू लेन, न्यू राजीव गांधी नगर, कोटा ( राज. ) |
| जन्मतिथि | – | 15 जून 1971 |
| शैक्षणिक योग्यता | – | बी. कॉम. |

परिवार के राजनैतिक व समाज सेवा में सक्रिय रहने से सेवा, समर्पण के संस्कार जन्म से ही है। इसी क्रम में राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा से सक्रिय राजनिति से लेकर शहर जिलाध्यक्ष बनने का स्वर्णिम सफर तय किया ।

इस यात्रा में एक सामान्य कार्यकर्त्ता से लेकर संगठन जिलाध्यक्ष तक में जो भी दायित्व निर्वहन का अवसर मिला उसे बखूबी कर्तव्य निष्ठा से निभाया, अल्प विवरण अग्र लिखित है।

1. वर्तमान दायित्व

जिलाध्यक्ष, भाजपा कोटा शहर ( लगातार दूसरी बार )

राष्ट्रीय अध्यक्ष, समग्र जैन समाज, भारत

अध्यक्ष, जनरल मर्चेंट एसोसिएशन, कोटा ( 19/09/2010 से लगातार छठी बार )

संचालक, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. कोटा ( लगातार दूसरी बार )

वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सकल दिगम्बर जैन समाज, कोटा ( लगातार 7 वर्ष से )

सलाहकार, कोटा हॉस्टल एसोसिएशन, कोटा

मुख्य सलाहकार, स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसियेशन

चेयरमैन, जैन सोशल ग्रुप, कोटा

प्रशासनिक मंत्री, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, फेडरेशन भारत

2. मुख्य संयोजक ( पूर्व दायित्व )

सदस्यता अभियान, भाजपा शहर जिला, कोटा 2023

वैश्य महाकुम्भ व महासंगम अन्नकुट महोत्सव 13 नवम्बर 2022

आचार्य 108 काम कुमार नंदी जी महाराज की हत्या आंदोलन 13 जुलाई 2023

भाजपा कोटा उत्तर विधानसभा प्रभावशाली मतदाता प्रमुख

बी.एल.ए. टू इन्चार्ज

तिरंगा यात्रा 14 अगस्त 2022

**MSME** मेला 5,6,7 मार्च 2023

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ, कोटा जिला

व्यापार बचाओ संघर्ष समिति, कोटा

राष्ट्रीय एकता दौड़(सांसद ओम बिरला जी के नेतृत्व में)

## 3. प्रभारी

भाजपा शक्ति केंद्र सम्मेलन, सानिध्य माननीय अमित शाह जी ( 22 सितंबर 2018 )
माननीय प्रधानमंत्री महोदय – विधान सभा चुनाव सभा स्थल ( 21 नवम्बर 2023 )

## 4. सह प्रभारी

माननीय प्रधानमंत्री महोदय – विधान सभा चुनाव सभा ( 26 नवम्बर 2018 )
कोटा बुन्दी लोकसभा चुनाव 2019 ( चुनाव प्रबंधन समिति )
पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय आयोजन समिति, कोटा

## 5. पूर्व दायित्व

पूर्व सचिव, थैलेसिमिया वेलफेयर सोसायटी कोटा ( लगातार 12 वर्ष से )
कोषाध्यक्ष, मेडिसिन बैंक सोसाइटी, कोटा
मंत्री, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ, कोटा

## 6. सदस्य

हाड़ौती ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन, कोटा
कोटा जिला उपभोक्ता होलसेल भंडार, कोटा
लाडपुरा व्यापार संघ, कोटा
कोटा बुक सेलर्स एंड स्टेशनर्स एसोसिएशन
रोटरी क्लब, कोटा

## 7. कार्यकर्त्ता के रूप में सक्रियता–

भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार लगभग सभी कार्यों में कार्यकर्ताओं के सहयोग से शत–प्रतिशत् सफलता अर्जित कर दायित्व का निर्वहन किया।

व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक के दायित्व के साथ सदस्यता अभियान शहर जिला संयोजक नियुक्त हुआ, उस दौरान एक दिन मे सर्वाधिक सदस्य बनाने का रिकॉर्ड बनाया।

व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक के अल्प कार्यकाल में कई नवाचार करते हुए इतिहास रचा। मोदी जी के मन की बात के 100 वें एपिसोड को 100 संस्थाओं के एक साथ देखने का नवाचार किया।

भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति उपरांत 12 माह के अल्प कार्यकाल में हुये ऐतिहासिक कार्यों से शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा दिखाते हुए सर्वसहमति से 27 जनवरी 2025 को पुनः दूसरी बार जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा।

**लोकसभा चुनाव :–** जिलाध्यक्ष दायित्व के तुरंत पश्चात् ही एक माह में हुए लोकसभा चुनावो में अपनी अहम जिम्मेदारी निभाई, लगातार दौरे, बैठके एव जनसंपर्क करने से लोकसभा चुनावो में कोटा शहर से अहम बढत प्राप्त हुई, प्रतिदिन 18–20 घण्टे कर्मठता से कार्य करते हुए पूर्ण निष्ठा से जिम्मेदारी को निभाया।

**उपचुनावः–** राजस्थान उपचुनाव 2024 में देवली उनियारा में कोटा सें सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार–प्रसार में जाकर प्रवास किया तथा अहम भूमिका निभाई, परिणाम स्वरूप सफलता मिली।

## 8 – जिला कार्यकारिणी व मण्डल कार्य समिति की बैठको का नियमित रूप से आयोजन "संविधान गौरव अभियान" ( भाजपा पार्टी संगठनात्मक कार्य ):–

भाजपा द्वारा दिए गए सभी कार्यो में 100% सफलता के साथ कार्यक्रमों को अंजाम दिया।

1 प्रदेश बैठकों उपरांत जिला कार्यसमिति, मण्डल कार्यसमिति,वार्ड एवं बूथवार बैठकों का आयोजन

| | |
|---|---|
| 2 संविधान गौरव अभियान | ( 16 जनवरी से प्रारंभ होकर बूथ स्तर तक ) |
| 3 गणतंत्र दिवस झण्डारोहण | ( 26 जनवरी ) |
| 4 पं. दिनदयाल उपाध्यय पुण्यतिथि | ( 11 फरवरी ) |
| 5 भाजपा स्थापना दिवस | ( 6 अप्रेल ) |
| 6 डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती | ( 14 अप्रेल ) |
| 7 पं. दिनदयाल उपाध्यय जयंती | ( 25 सितम्बर ) |
| 8 अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस | ( 21 जून ) |
| 9 सुन्दर सिंह भण्डारी जयंती | ( 22 जून ) |
| 10 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि | ( 23 जून ) |
| 11 आपातकाल काला दिवस | ( 25 जून ) |
| 12 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती | ( 6 जुलाई ) |
| 13 स्वतंत्रता दिवस झण्डारोहण | ( 15 अगस्त ) |
| 14 अटल बिहारी वाजपेयी पुण्यतिथि | ( 16 अगस्त ) |
| 15 अटल बिहारी वाजपेयी जयंती सुशासन दिवस | ( 25 दिसम्बर ) |
| 16 वीर बाल दिवस | ( 26 दिसम्बर ) |

17 मन की बात कार्यक्रम में सहभागिता।

9. संगठनात्मक सक्रियता :– संगठन पर्व 2024 ( 5 नवंबर 2024 से 27 जनवरी 2025 ) के तहत बूथ अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रतिनिधि से लेकर जिलाध्यक्ष का चुनाव सर्वसहमति से सम्पन्न।

बूथ समितियां निर्माण :– संगठन पर्व 2024 के तहत बूथ समितियों के निर्माण में 704 बूथों पर 704 बूथ समितियों का निर्माण कर कोटा शहर प्रदेश में अग्रणी जिलों की गिनती में रहा।

मण्डल अध्यक्ष/प्रतिनिधि :– एक साथ सभी मंडलों में अध्यक्ष एव मंडल प्रतिनिधियों का चयन एंव घोषणा से, कोटा शहर प्रदेश में प्रथम रहा, जिसकी प्रशंसा केंद्रीय नेतृत्व ने भी की ।

सदस्यता/सक्रिय सदस्यता अभियान :– भाजपा कोटा शहर ने प्राथमिक सदस्यता अभियान में 704 बूथ के अनुरूप प्रदेश में लक्ष्य से अधिक 1,40,000 से अधिक सदस्य बनाकर अग्रणी जिलो में स्थान बनाया। सक्रिय सदस्यता अभियान में लक्ष्य की 100 प्रतिशत प्राप्ति की।

भाजपा के सेवा ही संगठन :– ( 25 मई से 6 जून 2024 ) सेवा पखवाडा के तहत हिट वेव के दौरान अभूतपूर्व सेवा कार्य कर जनता से जुड़ाव किया। भीषण गर्मी में सामाजिक सरोकार के कार्य पूरे कोटा शहर में किये गये। जिसके तहत जल, छाछ, शरबत, ठंडाई आदि की शीतल प्याऊ लगवाना, जरूरतमंदो को पैरों में चप्पल पहनाना, पक्षीयों के लिये पेडों पर घर, दाना, पानी की व्यवस्था करवाना, जरूरतमंदो को छाता वितरण, पशुओं के लिये चारा, पानी की व्यवस्था जैसे अनेकों सेवा कार्य किये है।

जनता से व्यक्तिगत सम्पर्क, संवाद के साथ जुड़ाव है जिसे सोशल मीडिया में देखा जा सकता है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक कार्यक्रमों के माध्यम से रोजाना प्रातः से रात्री तक आमजन के बीच रहकर, समस्याओं के निराकरण हेतु लगातार प्रत्यनशील रहते हुए, समस्या समाधान में लगे रहते है। कार्य जिस स्तर का होता है, उसे उसी स्तर तक पहुंचाकर, समस्या समाधान करवाने का प्रयास करते है।

10. मकर संक्राति पर 5,000 कम्बलों का वितरणः– सेवा भाव के तहत 14 जनवरी 2025 को माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला के मुख्य आतिथ्य में मकर सक्रांति की बेला पर जरूरमंद महिलाओं को भीषण सर्दी में एक साथ 5,000 कंबलो का वितरण कर, जनता को भाजपा से जोड़ने का अनुपम प्रयास किया।

11. पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का लाभ देनाः– कोटा में गरीब, वचित, शोषित और जरूरतमंदों की मदद के लिए अनेको नवाचार करते हुए ऐतिहासिक कार्य किये। हाल ही में एक पोर्टल के माध्यम से केंद्र, प्रदेश और माननीय लोकसभा अध्यक्ष जी की योजनाओं से जन–जन को जोड़ने के लिये प्रयासरत है। जिससे सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो तक पहुंच सके। कौन व्यक्ति कौनसी योजना का लाभ ले रहा हैं या ले सकता है उसकी जानकारी संग्रहण का प्रयास जारी है।

**12. खाद्य सुरक्षा में पात्र परिवारों को जोडनाः–** कोटा शहर के सभी 14 मण्डलों में बूथ स्तर पर खाद्य सुरक्षा के तहत पात्र जरूरतमंद परिवारों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से ई–मित्र पर फॉर्म भरवाकर, नाम जुडवाने का कार्य जारी है। साथ ही अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है।

**13. सामाजिक, धार्मिक क्षैत्र में भूमिकाः–** सम्पूर्ण वैश्य समाज में निर्विवाद स्वीकार्यता, सामाजिक व धार्मिक कार्यकर्मों में महती भूमिकाओं का विवरण :–

1. वैश्य महाकुम्भ व महासंगम अन्नकूट महोत्सव 2022 में संयोजक ।

2. संत श्री सुधासागर जी महाराज के कोटा चातुर्मास 2014 में मुख्य संयोजक ।

3. 2 मार्च 2025 को कोटा में प. पू. आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस की वर्षगाांठ के उपलक्ष में केन्द्र एवं राज्य सरकार की अल्पसंख्यको बाबत् योजनाये और कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया ।

4. प. पू. गणनी आर्यिका 105 विशुद्धमती माता जी के 5 मार्च 2019 स्वर्णिम दिक्षा महोत्सव में ''दीये प्रज्वलन समिति'' का मुख्य संयोजक ।

जैन समाज एवं वेश्य समाज का अधिकतम वर्ग व्यापारियों एव उद्योगपतियों का है, जिनके यहाँ पर सामान्यतः 10 से 100 तक कर्मचारी कार्यरत रहते है इनके यहां कार्यरत कर्मचारियों को शामिल करते हुए यह संख्या काफी बड़ी हो जाती है ।

**14. व्यापारिक क्षैत्र में भूमिकाः–** सम्पूर्ण परिवार के पिछले 50 वर्षों से कोटा में निवासरत होने एवं पिछले 15 वर्षों से लगातार कोटा की सबसे बड़ी व्यापारी संस्था जनरल मर्चेंट एसोसिएशन (जी.एम.ए.) के अध्यक्ष रूप में कार्य करने एवं उनकी समस्त समस्याओं के लिए सदैव कार्य किये है। इस अवधि में टाउनशिप, मॉल, निर्माण, एवं समाज सेवा का ऐसा कोई क्षैत्र नहीं है जिसमें जनरल मर्चेंट एसोसियेशन ने कार्य नहीं किया हो।

व्यापारियों के लिए मार्केट का सतत् संचालन, आवास हेतु टाउनशिप का निर्माण, राजस्थान का पहला रेरा अनुमोदित ऋण सुविधाओं युक्त, निर्माणाधीन आवासीय सुविधाओं युक्त भव्य मार्केट, जी.एस.टी. पर सेमिनार, नोट बंदी पर व्यापारियों के साथ बैठक, मुद्रा लोन के माध्यम से व्यापारियों को लाभ पहुंचाना, जी.एस.टी. पर आ रही व्यावहारिक समस्याओं के लिए सतत् प्रयासरत रहते हुए जी.एस.टी. काउंसलिंग के सदस्य राजपाल सिंह जी शेखावत से वार्ता, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अर्जुनराम जी मेघवाल को ज्ञापन, फूड लाइसेंस सम्बंधित समस्याओ को उठाते हुये भाजपा की नीतियों से व्यापारी, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीति के साथ जन सेवा के अनवरत कार्यो से सभी वर्गों को जोड़ते हुये समाज हित में, बाढ़ राहत कार्य, बाढ़ पिड़ितों को वस्त्र, वृक्षारोपण, काढ़ा वितरण, बीमारो को आर्थिक मदद, रक्तदान शिविर, स्वच्छता के लिए डस्टबीन वितरण, जल संचय, चाइना उत्पादों का बहिष्कार, राशन एवं अन्य सामग्री वितरण कर पार्टी की गतिविधियों में पुर्ण सक्रियता।

**15. चिकित्सा के क्षेत्र में:–**

1. थैलिसिमिया वेलफेयर सोसायटी का सचिव

2. एच.बी.ए 2 की मशीन स्थापना बाबत 5 लाख रुपये का अनुदान

3. कोरोना काल में लगभग 20 हजार राशन किट, 1 लाख फूड पेकिट, 10 हजार सेनेटाईजर, 2 लाख ग्लब्स, मास्क आदि वितरण जैसे सेवा कार्य किये एव व्यापारियों व प्रशासन में सामंजस्य स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**16. हॉस्टल एसोसियेशन से जुडाव :–** कोटा की आर्थिक व्यवस्था की रीड की हड्डी कोचिंग इंडस्ट्री है। इसी व्यवस्था से जुड़ी हुई हॉस्टल एसोसिएशन की सभी परेशानियों को यथा बिजली के बिल, रजिस्ट्री संबंधित समस्या, पानी संबंधी समस्या आदि सुलझाने सहित ( कोरोना काल में विद्यार्थियों को अपने गंतव्य तक पहुचाने में ) सलाहकार होने के नाते ( कोटा हॉस्टल एसो. ) मुख्य भूमिका रही ।

**इस सभी के बीच में मेरी राजनैतिक धुरी हमेशा माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला के हनुमान बनकर निर्वहन करने की रहती है।**


पत्रिका

#Program : नयापुरा उम्मेद क्लब ग्राउंड में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# जरूरतमंदों के उत्थान के संकल्प के साथ कार्य करें सामाजिक कार्यकर्ता : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ने मकर संक्रांति पर पांच हजार जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल वितरित किए

महिलाओं को कम्बल वितरित करते लोकसभा अध्यक्ष

शहर भाजपा लॉन्च करेगी पोर्टल

समाज को जागरूक करेंगे

महिलाओं को बनाएंगे आत्मनिर्भर

3 हजार अतिरिक्त कम्बल वितरित किए

सफाई श्रमिकों को आज कम्बल बांटेंगे

15/01/2025 | Kota | Page : 7
Source : https://epaper.patrika.com/


दैनिक भास्कर

कोटा 15-01-2025

मकर संक्रांति पर नयापुरा उम्मेद क्लब में हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम

# जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के संकल्प के साथ काम करें सामाजिक कार्यकर्ता : स्पीकर बिरला









दैनिक भास्कर कोटा 08-01-2025

मंडल अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की घोषणा, किसी सरकारी भर्ती की तरह आयु सीमा निर्धारित

# युवा हुई शहर भाजपा; मात्र 1 मंडल अध्यक्ष रिपीट वह भी 45 साल से कम होने से, शेष 13 को बदला

पॉलिटिकल रिपोर्टर | कोटा

शहर भाजपा के सभी 14 मंडलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की घोषणा मंगलवार को जिला संगठन चुनाव अधिकारी मानसिंह गुर्जर व जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने की। दावा है कि कोटा शहर पूरे प्रदेश में एकमात्र जिला है, जहां सभी मंडल अध्यक्ष व प्रतिनिधि आमराय से बने हैं।

नए मंडल अध्यक्ष बनने के साथ ही पूरे शहर में संगठनात्मक ढांचा बदल गया है, मात्र एक रेलवे कॉलोनी मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह निर्भय को रिपीट किया गया है, शेष सभी 13 मंडल अध्यक्ष नए हैं। निर्भय भी इसलिए रिपीट हो पाए, क्योंकि वे 45 साल से ज्यादा उम्र की सीमा में नहीं हैं। नए चुने गए मंडल अध्यक्षों की आयु सीमा 35 से 45 वर्ष के बीच है और इस नियम की सख्ती से पालना की गई है। पहली बार मंडल स्तर पर तीन महिलाओं को भी प्रतिनिधि का पद दिया गया है। जीएमए सभागार में नई टीम की घोषणा के वक्त सह चुनाव अधिकारी सुनीता व्यास, जिला उपाध्यक्ष रितेश चितौड़ा, जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, सोशल मीडिया सेल के मयंक सेठी एवं मीडिया प्रकोष्ठ के अरविंद सिसोदिया भी मंच पर थे। मंडल अध्यक्षों में 7 ओबीसी, 4 एससी व 3 जनरल से हैं। प्रतिनिधियों में 4 ओबीसी, 2 एससी और 8 जनरल से हैं।



## पहली बार 3 महिलाएं भी मंडल का चेहरा बनीं, बोलीं- पहले सिर्फ पार्टी में काम करते थे, अब पद मिल रहे

नए सृजित मंडल प्रतिनिधि के पद पर तीन महिलाएं भी नियुक्त की गई हैं। रेलवे कॉलोनी में सीमा मरोठिया, नयापुरा में सोनिया राठौड़ और गणेश नगर में सिंपल शर्मा को नियुक्त किया है। भास्कर से बातचीत में सोनिया राठौड़ ने कहा कि वे पहली बार पद पर आई हैं, पार्टी में लंबे समय से काम कर रही हैं। सदस्यता अभियान में मैंने 4300 सदस्य बनाए थे। वहीं, गणेश नगर में प्रतिनिधि बनाई गई सिंपल शर्मा वर्तमान में इसी मंडल में महामंत्री है। सिंपल ने कहा कि पहले महिलाएं सिर्फ मेहनत करने के लिए होती थी। काफी काम करने के बावजूद महिला कार्यकर्ताओं को पद नहीं मिलता था। नई व्यवस्था से हम खुश हैं।



• **तीन पूर्व मंडल अध्यक्ष अब प्रतिनिधि बने:** तीन मंडल अध्यक्ष रहे धर्मेंद्रसिंह हाड़ा, पारस खींची और भूपेंद्र भाया को अब मंडल प्रतिनिधि बनाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने खुद स्वीकार किया कि उम्र संबंधी पात्रता के चलते हम कई मंडल अध्यक्षों को चाहकर भी रिपीट नहीं कर पाए, जबकि सभी उनको दोबारा अवसर देना चाहते थे। पार्टी ने कहा कि मंडल अध्यक्षों की उम्र 45 साल से एक दिन भी ज्यादा न हो, इसी के तहत ऐसा किया है। वैसे भाजपा ऐसा संगठन है, जहां नई और पुरानी पीढ़ी मिलकर काम करती है। सभी पुराने मंडल अध्यक्षों ने आज नयों का स्वागत किया है। वहीं, विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि युवा टीम ज्यादा सक्रिय होकर काम करेगी, सभी को बधाई।

## सबसे ज्यादा 4 अध्यक्ष 36 साल के

| मंडल | अध्यक्ष | उम्र | प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|
| महावीरनगर | पन्नालाल बंजारा | 44 | बृजमोहन गौड़ |
| दादाबाड़ी | विनय आजाद (लव) | 36 | धर्मेंद्रसिंह हाड़ा |
| केशवपुरा | दीनू बंजारा | 36 | पारस खींची |
| विज्ञाननगर | संजय त्रिपाठी | 43 | गजेंद्र सिंह देवड़ा (बॉबी देवड़ा) |
| आरकेपुरम | अक्षय चौधरी | 36 | हरकचंद जैन |
| कुन्हाड़ी | ओमशंकर सुमन | 36 | चेतन राठौर |
| रेलवे कॉलोनी | महेंद्रसिंह निर्भय | 41 | सीमा मरोठिया |
| स्टेशन | दिनेश सरसिया | 45 | सत्यनारायण शर्मा |
| नयापुरा | संजय समीर सैनी | 39 | सोनिया राठौड़ |
| रामपुरा | चंद्रप्रकाश महावर | 43 | महेंद्र गर्ग |
| उद्योग नगर | मनोज तलाईचा | 41 | बद्री प्रकाश आर्य |
| बोरखेड़ा | मनोज गोस्वामी | 42 | सुरेशसिंह जादौन |
| छावनी | नरेंद्र मेघवाल | 37 | भूपेंद्र भाया |
| गणेशनगर | रामचंद्र नागर | 40 | सिंपल शर्मा |

## एक सप्ताह में चुन लिया जाएगा जिलाध्यक्ष



**मानसिंह गुर्जर**
कोटा शहर जिला चुनाव अधिकारी

**मंडलों की कार्यकारिणियां कब तक बनेंगी?**
- यह काम जिलाध्यक्ष चुनाव के बाद हो पाएगा। नए मंडल अध्यक्ष अपनी टीम तैयार करके जिलाध्यक्ष को देंगे और उनके स्तर पर आमराय से कार्यकारिणी घोषित होगी।

**जिलाध्यक्ष का चुनाव कब?**
-जिलाध्यक्ष का चुनाव एक सप्ताह में हो जाएगा। इस पद के लिए उम्र सीमा 45 से 60 वर्ष निर्धारित है। उम्र का यह गैप इसलिए है ताकि जिलाध्यक्ष अपने जिले के मंडल अध्यक्षों से वरिष्ठ हो। ये मंडल अध्यक्ष 20 साल तक पार्टी में सक्रियता से काम करेंगे।

**प्रतिनिधियों का काम क्या होगा?**
- ये सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और जिलाध्यक्ष चुनाव में भाग ले सकेंगे। इन्हें जिला या प्रदेश कार्यकारिणी में भी लिया जा सकता है। मंडल स्तर पर जिला और मंडल के बीच समन्वयक की भूमिका में रहेंगे।

# राकेश जैन पुनः भाजपा शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त

जननायक संवाददाता



**कोटा।** राकेश जैन पुनः भाजपा शहर जिलाध्यक्ष घोषित हुए। भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नारायण लाल पंचारिय, कोटा शहर जिला चुनाव अधिकारी मानसिंह गुर्जर , चुनाव सहप्रभारी महेश विजय, सुनिता व्यास, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के सानिध्य में भाजपा संगठन पर्व 2024 के तहत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों की पालना करते हुए जीएमए प्लाजा के सभागार में जिलाध्यक्ष पद पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्विरोध भाजपा शहर जिलाध्यक्ष पद पर पुनः राकेश जैन को चुना गया।

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नारायण लाल पंचारिया ने कहा कि सभी की सहमति व चर्चा कर आमराय बनाकर सोमवार को जिलाध्यक्ष की घोषणा की। चुनाव अधिकारी मानसिंह गुर्जर ने कहा कि संविधान के तहत सभी से आवेदन मांगा गया, जिसके तहत 4 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदकों, जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर आमराय बनाकर चुनाव अधिकारी ने राकेश जैन की पुनः जिलाध्यक्ष की घोषणा की।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, हेमंत विजयवर्गीय, वरिष्ठ नेता गोविंद शर्मा, पंकज मेहता, जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, लक्ष्मण सिंह खींचीं, देवेन्द्र राही, जिलामंत्री जयेदव सुखेजा सहित जिला पदाधिकारी सहित नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रतिनिधि, से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

## अब तक ये रहे शहर भाजपा अध्यक्ष

भाजपा के स्वतंत्र अस्तित्व में आने के बाद कोटा में शहिर जिलाध्यक्ष के रूप में पार्टी ने 7 लोगों पर विश्वास जताया है। इनमें मणि भाई पटेल शहर भाजपा के पहले अध्यक्ष बने थे जो 10 वर्षो से अधिक समय तक लगातार अध्यक्ष रहे। उनके बाद महेश विजयवर्गीय, मनमोहन जोशी, श्याम शर्मा, हेमन्त विजय, कृष्णकुमार सोनी व राकेश शर्मा रहे हैं। राकेश शर्मा को 5 मार्च 2024 को पहली बार शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अब फिर से उन्हें लगातार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि राकेश जैन पहली बार में अपनी कार्यकारिणी तक घोषित नहीं कर पाए थे। कृष्णकुमार सोनी के समय की कार्यकारिणी से ही वो काम चला रहे है। देखना यह होगा कि वो दूसरी पारी में भी पुराने खिलाड़ियों के साथ ही उतरेंगे या अपनी नई कार्यकारिणी बनाएंगे।










प्रबुद्धजन
स्नेह मिलन समारोह
श्री ओम बिरला
श्री लव शर्मा






भारतीय जनता पार्टी
शहर जिला-कोटा




सेवानिवृत्त














आक्रोश

# सामाजिक गतिविधियाँ






















ओम बिरला जी






के आह्वान पर







# व्यापारिक गतिविधियाँ

















# धार्मिक गतिविधियाँ

















परिवर्तन संकल्प यात्रा से कांग्रेस की विदाई सुनिश्चित

# भाजपा की यात्रा से कांग्रेस में घबराहट

**कोटा उत्तर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक**




जननायक संवाददाता

**कोटा।** भारतीय जनता पार्टी के कोटा उत्तर विधानसभा की संगठनात्मक बैठक कोटा संभाग चुनाव प्रभारी त्रिलोक जामवाल के मुख्य आतिथ्य में तथा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुई।

चुनाव कोटा संभाग प्रभारी त्रिलोक जामवाल, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, जिला महामंत्री चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, रितेश चित्तौड़ा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा दक्षिण विवेक राजवंशी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोटा उत्तर लव शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक राकेश जैन मंचस्थ रहे।

जामवाल ने परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर तैयारियों को लेकर चर्चा की। त्रिलोक जामवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहां की भाजपा की परिवार संकल्प यात्रा, से कांग्रेस घबराई हुई है, इस परिवर्तन यात्रा से कांग्रेस की विदाई सुनिश्चित है।

कोटा शहर में आमजन को एयरपोर्ट चाहिए था, परंतु कांग्रेस की बदनियती के कारण एयरपोर्ट नहीं बन पाया। कांग्रेस की नजर में एयरपोर्ट से ज्यादा रिवर फ्रंट रहा। कोटा में अपराधी बेलगाम है, खुलेआम चाकूबाजी की घटनाएं, महिलाओं से छेड़छाड़, व्यापारियों से चौथवसूली के लिए धमकाना, डराना आदि घटनाये आम बात हो चुकी है।

राजस्थान में महिलाओं को फ्री मोबाइल नहीं, सुरक्षा चाहिए। जिलाध्यक्ष कृष्ण सोनी ने कहां की भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा 20 सितम्बर को कोटा में प्रवेश करेगी तथा 21 सितम्बर को बड़ी आमसभा का आयोजन होना है। बैठक में प्रदेश मीडिया सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष नेता खंडेलवाल, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाल टटवाडिया, पार्षद ज्ञानेंद्र सिंह आमेरा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक हिमांशु सैनी, मण्डल अध्यक्ष रामपुरा, दिनेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष नयापुरा अनिल शर्मा, मण्डल अध्यक्ष स्टेशन रमेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष कुन्हाड़ी विजय सिंह कानावत, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अमित उराड़िया, सोशल मीडिया कोटा उत्तर विधानसभा सहप्रभारी विठ्ठल शर्मा, अर्चना शर्मा, गोपाल कृष्ण सोनी, श्यामा शर्मा, शोएब खान, वहिद मुल्तानी, मुजीब अली उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार हवाई अड्डे हेतु भार रहित भूमि उपलब्ध करवाये

कलम का अधिकार



**कोटा।** चुनाव सिर पर आते देख कोटा के नेताओं को हवाई अड्डे की लंबित मांग पूरा करने की याद आ गई है। कोटा हवाई अड्डा विगत 3 साल से केंद्र और राज्य सरकार के बीच फुटबॉल बना हुआ है।

इसी क्रम में आज कोटा में शीघ्र हवाई सेवा शुरू करने की मांग एवं कोटा हवाई अड्डा निर्माण के लिए राज्य सरकार से भार रहित भूमि की मांग को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन की अगुवाई में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन दिया गया। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन को राकेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में कोटा शिक्षा नगरी की पहचान रखता है। भारत के विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं। कोटा नगरी कोटा स्टोन, सैण्ड स्टोन, कोटा डोरिया तथा धनिया के लिए भी प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में भारत सरकार, राजस्थान सरकार और निजी क्षेत्र के उद्योग यहां पर क्रियाशील है, लेकिन हवाई सेवा न होने से कोटा आने के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कोटा में विकास की अपार संभावनाएं हैं जिसको गति देने के लिए कोटा में नियमित हवाई सेवाओं की महती आवश्यकता है। ज्ञात हुआ कि केंद्र सरकार यहां नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण करना चाहती है, जिसके लिए भूमि राज्य सरकार को उपलब्ध करवानी है। किंतु राज्य सरकार द्वारा मात्र 106 करोड़ रू की राशि हस्तांतरित ना करने से भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नाम दर्ज नहीं हो पा रही है।ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कोटा का हक़ और अधिकार है।

इस अवसर पर ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन से अविनाश राठी,श्री सर्राफा मार्केट से आनन्द राठी, सर्राफा मार्केट से सुरेन्द्र गोयल विचित्र, गुमानपुरा व्यापार संघ से संजय शर्मा,हाड़ौती कोटा स्टोन एंड से विकास जोशी,हाड़ौती कोटा स्टोन एसोसिएशन से सुरेश मित्तल, पुरानी सब्जीमण्डी व्यापार संघ से पवन दुआ, लाडपुरा दुकानदार संघ से रूपकिशोर गुप्ता सहित अनेक व्यापार संघ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक के.पी. सिंह ने कहा कि राजस्थान सरकार और केन्द्र सरकार के आपसी सामंजस्य के अभाव में कोटा में हवाई सेवा के मार्ग में निरन्तर गतिरोध चल रहा है,इस गतिरोध को तुरन्त दूर कर राजस्थान सरकार को तुरन्त आवश्यक राशि का भुगतान करना चाहिये। इसके लिए हमें आंदोलन में करना पड़ा, तो पीछे नहीं हटेंगे

# केईडीएल और प्रशासन की लापरवाही से फिर भेंट चढ़ा वाल्मीकि समाज का युवक

**हेडलाइन न्यूज़ | कोटा**



केईडीएल और प्रशासन की लापरवाही से व्यवस्थाओं की जगह अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है,जगह जगह लाइनें टूटी पड़ी है। कई जगह बिजली नहीं दे पा रहे हैं जहां दे रहे है वहाँ लाइनों में करंट है और उसकी भेंट चढ़ते हुए वाल्मीकि समाज के युवक रवि देवलोक गमन हो गया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश जैन ने कहा कि हम चाहते हैं की सरकार रवि को 25 लाख रुपए का मुआवजा और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दे आज जब नयापुरा चौराहा पर जाम के दौरान प्रशासन से वार्ता हुई जिसमे वार्ता अनुसार 5 लाख रुपए केईडीएल के माध्यम से एवं 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के लिए प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अनुशंसा भेजकर सहायता दिलाने परिवार के एक व्यक्ति को संविदा पर नियुक्ति एवम् एक कियोस्क पर चर्चा पश्चात् जिला प्रशासन के एडीएम बृज मोहन बैरवा ने सहमति प्रकट सहमति दी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राम बाबू सोनी, महामंत्री जगदीश जिंदल, उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, आकाश खुराना सहित वाल्मीकि समाज के सेंकडों लोग मोके पर उपस्थित थे।

– रामपुरा बजाज खाना बाजार में पेशाब घर तोड़ने का मामला

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश जैन की अगुवाई में धरना प्रदर्शन

**हेडलाइन न्यूज़ | कोटा**



शहर का सबसे पुराना कपडा बाजार बजाजखाना आज भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम है । लगभग 350-400 व्यापारियों के बीच एक मात्र पेशाब घर जिसे भी असामाजिक तत्वों द्वारा शनिवार को तोड दिया गया । इस पुराने बाजार में महिलाओं के लिए आज तक शौचालय की सुविधा नहीं है। स्थानीय व्यापारियो की मांग है कि दुबारा उसी स्थान पर पेशाब घर बनाया जाए व महिलाओ के लिए अलग से हो व्यवस्था । धरने के बाद व्यापारियो की माँग पर पुनः पेशाब घर का निर्माण चालू किया गया जिसकी प्रथम ईंट भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राकेश जैन द्वारा लगाई गई इस अवसर पर कन्हैया लाल ग्वालानी , शंकर निहालानी , नरेंद्र राजदेव ( निक्कू ), पंकज बागड़ी , संतोष , सहित सेंकडो व्यापारी उपस्थित थे।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश जैन की अगुवाई में हुआ आयोजन

# एक दिन में बने 7 हजार से अधिक सदस्य



**कोटा, समाचार जगत ब्यूरो.** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राकेश जैन की अगुवाई में जीएमए सभागार में कोटा उत्तर का सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया गया । कोटा में राकेश जैन के नेतृत्व में हुए अभियान ने प्रदेश में नया इतिहास रचते हुए एक दिन में एक विधानसभा से सबसे अधिक 7165 सदस्यों को भाजपा परिवार से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य करते हुए इतिहास रच दिया । संयोजक राकेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि उत्तराखण्ड के विधायक बृजभूषण गेरोला भाजपा जिलाध्यक्ष रामबाबू सोनी कोटा उत्तर विधानसभा संयोजक रितेश चितौड़ा , मयंक सेठी ,चंद्रशेखर नरवाला ,लक्ष्मण खींची दिनेश शर्मा गुड्डू सहित कोटा उत्तर विधानसभा के विस्तारक हेमराज़ सेन सहित आत्मदीप आर्य ,नीरज मनचंदा ,भूपेन्द्र भार्गव ,अजय शर्मा ,रजत जैन ,दुर्लभ चौहान राकेश जैन चपलमन , अनिल जैन , हरिओम पांचाल , पारस कासलीवाल , मनोज सोनी , अनूप शर्मा , कमलेश , विजय जैन विवेक अग्रवाल एवं दुष्यंत जांगिड सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की और कुशासन से युक्त प्रदेश की कांग्रेस सरकार के स्थान पर सुशासन के लिये भाजपा की सरकार बनवाने का प्रण लिया ।